O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA

Phone: 07762-227042, 299255, JSP ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

Term 1/ Half Yearly Assessment-2025-26 (Sample Question Paper)	
SUBJECT: HINDI	Class –V
Time – 3 hours	MM-80

प्रश्न -1अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। **5 अंक**

एक विशाल जंगल में छोटा-सा तालाब था। तालाब के पास एक बूढ़ा कछुआ रहता था। वह बहुत धीमे चलता था लेकिन उसकी बुद्धि बहुत तेज़ थी। उसी तालाब में दो हंस भी रहते थे , जिनका नाम संकटा और विकटा था। वे तीनों बहुत अच्छे दोस्त थे। एक साल , बहुत कम बारिश हुई और तालाब का पानी सूखने लगा। हंसों ने फैसला किया कि वे किसी दूसरे बड़े तालाब की तलाश में उड़ जाएंगे। कछुए को अकेला छोड़कर जाना उन्हें अच्छा नहीं लगा। कछुए ने भी उनके साथ जाने की इच्छा जताई। हंसों ने एक योजना बनाई।

प्रश्न

क) तालाब कहाँ था?
अ) गाँव में
ब) रेगिस्तान में
स) एक विशाल जंगल में
द) शहर में

ख) कछुए का स्वभाव कैसा था?
अ) वह तेज़ चलता था और मूर्ख था

ब) वह धीमे चलता था लेकिन बुद्धिमान था
स) वह आलसी और अहंकारी था
द) वह दुखी और अकेला रहता था

ग)हंसों के क्या नाम थे?
अ) संकटा और विकटा
ब) मोटा और पतला
स) राजू और कालू
द) हंसराज और हंसिनी

घ) तालाब का पानी क्यों सूखने लगा?
अ) लोगों ने पानी निकाल लिया था
ब) जानवरों ने पानी पी लिया था
स) बहुत कम बारिश हुई थी
द) तालाब में छेद हो गया था

ङ) हंसों ने क्या फैसला किया?
अ) तालाब में ही रुकने का
ब) नए दोस्त बनाने का
स) दूसरे तालाब की तलाश में उड़ जाने का
द) कछुए को तैरना सिखाने का

प्रश्न -2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए। **6 अंक**

1. लोनपो गार ने अपने बेटे को सौ भेड़ों के साथ कहाँ भेजा?
2. तमिलनाडु में फ़सलों के त्योहार को किस नाम से जाना जाता है?
3. खिलौनेवाले से मोटर गाड़ी किसने खरीदी?
4. केशव कितने साल का था?
5. इला किस कक्षा की परीक्षा पास नहीं कर पाई?
6. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

प्रश्न -3 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। **5 अंक**

जीवन में आगे बढ़ना है तो,
सीखो नदी - पहाड़ों से |
सर्दी गर्मी धूप और वर्षा,
रुकते नहीं ये आंधी से |
कल - कल करती नदियाँ बहती,
सब को खुशियां देती है |
कोई कूड़ा डाले तो भी,
वह कुछ भी न कहती है |
अपने निर्णय पर अटल,
सदा खड़ा है पर्वत राज |
हवा ,आँधी- तूफ़ान आए,
कभी न हिलता उसका ताज |

(क) आगे बढ़ने के लिए हमें किससे शिक्षा लेने के लिए कहा गया है ?
अ) शिक्षक से ब) नदी- पहाड़ से स) हवा से

(ख) अटल रहने की शिक्षा हमें किससे मिलती है?
अ) पर्वत राज से ब) पेड़ से स) इमारत से

ग) नदियाँ बहकर लोगों को क्या देती हैं?
अ) खुशियाँ ब) दुख स) आलस्य

(घ) 'हवा' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन - सा है?
अ) तट ब) पंकज स) पवन
(ङ) बहती नदी का स्वर कैसा है?
अ) कल-कल ब) चल- चल स) छम-छम

प्रश्न -4 सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। **6 अंक**

1.लड़की ने नौ हाथ लंबी .... की रस्सी बनाई। (नौ/ग्यारह)
2.खिलौने वाला कविता में बच्चा ....की तरह बनना चाहता है। (लक्ष्मण/श्रीराम)
3.बादशाह अकबर केशव से........... सीखना चाहते थे। (कशीदाकारी/नक्काशी)
4.'मित्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा............. है। (मित्रों/मित्रता)
5.'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द.............होगा। (कवियित्री/कवयित्री)
6.छोटा ....खेल रहा है। (बच्चे/बच्चा)

प्रश्न -5 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही या गलत का निशान लगाइए। **4 अंक**

1.सरहुल के दिन विशेष रूप से 'साल' के पेड़ की पूजा की जाती है|
2.पिनकोड की शुरुआत 15 अगस्त 1972 को हुई थी।
3.विशेषण क्रिया की विशेषता बताते हैं।
4.क्रिया के दो भेद होते हैं।

प्रश्न -6 सही विकल्प चुनकर लिखिए। **4 अंक**

1.'श्याम पत्र लिख रहा है ।' इस वाक्य में क्रिया शब्द हैं -

अ) श्याम ब) पत्र स)लिख रहा है

2.समान अर्थ बताने वाले शब्द कहलाते हैं-

अ) विलोम ब)लिंग स)पर्यायवाची

3. निम्नलिखित में से कौन -सा शब्द 'फल' शब्द का सही अर्थ व्यक्त करता है?

अ)केला ब) परिणाम स) हिस्सा

4.शब्द के उचित अनेकार्थक वाले विकल्प का चयन कीजिए-

अ) जड़ - (मूल, मूली) ब)जड़-(मूली ,मूर्ख) स)जड़ -(मूल ,मूर्ख)

प्रश्न -7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1.तिब्बत के मंत्री लोनपो गार ने अपने भोले - भाले बेटे को शहर क्यों भेजा? **3 अंक**

2.फ़सलों के त्योहार में तिल का बहुत महत्त्व होता है।तिल का किन- किन रूपों में इस्तेमाल होता है? **3 अंक**

3. **"बेशक मैंने ही ये घंटियाँ बनाई हैं। क्या मैं आपको पत्थरों पर "नक्काशी करता नज़र नहीं आ रहा? देखते नहीं, मैं ही पत्थर को तराश रहा हूँ।"** **3 अंक**

क) यह कथन आपकी रिमझिम पुस्तक के किस पाठ से लिया गया है?

ख) यह बात किसने- किससे कही है?

4. गांधी जी को सिर्फ़ उनके नाम और देश के सहारे पत्र कैसे पहुँच जाता होगा? **3 अंक**

5. राम,कौशल्या और ताड़का किस कथा के पात्र हैं? श्री राम जी के बारे में तीन बातें लिखिए जो हमारे जीवन में हमें प्रेरणा देती हैं। **5 अंक**

6. 'जहाँ चाह वहाँ राह' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती हैं? कोई पाँच शिक्षा लिखिए। **5 अंक**

प्रश्न -8 रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद बताइए। **4 अंक**

1.भगत सिंह की <u>वीरता</u> प्रसिद्ध है।_____________

2.मुझे एक <u>किताब</u> चाहिए।_____________

3.हम <u>मुंबई</u> जाएँगे।______________

4. किसी से <u>शत्रुता</u> नहीं करनी चाहिए।___________

प्रश्न -9 दिए गए शब्दों के सामने लिखिए कि वे स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग। **2 अंक**

1.शिष्य -___________

2.युवती -_____________

प्रश्न -10 दिए गए वाक्यों को बहुवचन में बदलकर वाक्य पुनः लिखिए। **2 अंक**

1.पंखा चल रहा है।

2.सोहन ने केला खरीदा।

प्रश्न -11 सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूर्ण कीजिए। **3 अंक**

1. ....आगरा जा रहा है।

2. कमरे में .... है?

3. नौ बज गए,.......... क्या कर रहे हो?

प्रश्न -12 विशेषण शब्दों की विशेष्य शब्दों से जोड़ी मिलाइए। **3 अंक**

<u>विशेषण</u>	**<u>विशेष्य</u>**
1.सुंदर	क) कपड़ा
2.पाँच मीटर	ख) फूल

3.ठंडी ग) किसान
4.मेहनती घ)हवा
5.स्वादिष्ट च) नाग
6.काला छ) मिठाई

प्रश्न -13 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **4 अंक**

1.नृप- ___________ ______________

2.आकाश -____________ ____________

प्रश्न -14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर30 से 40 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए। **5 अंक**

*मेरी पहली रेलयात्रा
*मेरे सपनों का भारत
*सुबह सबेरे करो सैर
*स्वतंत्रता दिवस

प्रश्न -15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित पत्र लिखिए। **5 अंक**

संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने भाई/बहन को पत्र लिखकर बधाई दीजिए।

अथवा

तीन दिन के अवकाश हेतु विद्यालय के प्राचार्य जी को आवेदन पत्र लिखिए।